*प्रेस विज्ञप्ति*

# गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में सीएडी एंड टैक्सटाइल्स विषय पर ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान

पंतनगर। 14 दिसम्बर 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग द्वारा 'सीएडी एण्ड टैक्सटाइल्सः इन्नोवेशन्स फार द वे फारवर्ड' विषय पर एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बफेलो स्टेट यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क (यूएसए) की सहायक प्राध्यापक डा. ममता सहारन मुख्य वक्ता रहीं। कार्यक्रम का आयोजन विभाग की प्रोफेसर डा. अनीता रानी द्वारा किया गया। व्याख्यान में विभागाध्यक्ष डा. मनीषा गहलोत, अन्य संकाय सदस्य तथा एम.एससी., पीएच.डी. एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में डा. सहारन ने वस्त्र उद्योग में कंप्यूटर एडेड डिजाइन (सीएडी) की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह तकनीक मैटीरियल रेंडरिंग, थ्री–डी सिमुलेशन और वर्चुअल विजुअलाइजेशन के माध्यम से डिजाइन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाती है। उन्होंने कहा कि सीएडी तकनीक डिजिटल टूल रैपिड प्रोटोटाइपिंग की मांग को पूरा करने के साथ–साथ भौतिक सैंपलिंग और अपशिष्ट को कम कर सतत विकास को भी बढ़ावा देती है।

व्याख्यान के दौरान डा.. सहारन ने एडोब सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन जैसे सब्सटेंस 3डी सैम्पलर, डिजाइनर एवं स्टेजर का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इन सॉफ्टवेयर के निःशुल्क संस्करण छात्रों एवं शिक्षकों के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि किस प्रकार 2डी इमेज को 3डी डिजिटल फैब्रिक में परिवर्तित कर बिना भौतिक नमूनों के वैश्विक स्तर पर डिजाइन साझा किए जा सकते हैं। साथ ही, छात्रों द्वारा तैयार डिजिटल पोर्टफोलियो और शोध प्रयोगों के उदाहरण भी प्रस्तुत किए।

डा. सहारन ने यह भी बताया कि सीएडी तकनीक का उपयोग वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर डिजाइनों के प्रदर्शन, निर्माताओं से संवाद तथा उपभोक्ताओं के लिए वर्चुअल ट्राय–ऑन में किया जा रहा है, जिसे विश्व की कई प्रमुख ब्रांड्स अपनाती हैं।

कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। व्याख्यान में शामिल 39 प्रतिभागियों ने सीएडी सॉफ्टवेयर के उपयोग को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

